समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बाबर आज़म ही नहीं, रिज़वान और शाहीन अफरीदी भी खेलेगें BBL; जानिए कितनी मिलेगी सैलरी।

Publisher

Published on 19 Jun 2025




## बिग बैश लीग 2025-26 के प्लेयर ड्राफ्ट मे पांकिस्तान के कई खिलाड़ी शामिल, शाहीन को ब्रिसबेन हीट ने सबसे पहले चुना।

**BBL Update:** ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाली **दुनिया की लोकप्रिय टी20 लीग बिग बैश लीग (BBL)** के **2025-26** सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। **प्लेयर ड्राफ्ट** के जरिए टीमें खिलाड़ियों का चयन कर रही हैं और इस बार पाकिस्तान के कई टॉप खिलाड़ी भी **बीबीएल** का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

**बाबर आज़म, रिज़वान और शाहीन अफरीदी की होगी बीबीएल मे एंट्री**
पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आज़म को **बीबीएल की टीम सिडनी सिक्सर्स** ने **प्री-साइनिंग ड्राफ्ट** में शामिल कर लिया है। वहीं, **शाहीन अफरीदी, मोहम्मद रिज़वान, हारिस रऊफ, शादाब खान** और **हसन अली** जैसे खिलाड़ी भी **BBL ड्राफ्ट** में रजिस्टर कर चुके हैं।

**शाहीन अफरीदी की सबसे ज़्यादा डिमांड**
**बीबीएल** के ड्राफ्ट में सबसे पहले चुने गए खिलाड़ी बने शाहीन अफरीदी। उन्हें दो बार की **चैंपियन ब्रिसबेन** हीट ने अपनी टीम में शामिल किया है। शाहीन ने हाल ही में **पीएसएल 2025** में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16.42 की औसत से 19 विकेट लिए थे, जो उनके चयन का बड़ा कारण रहा।

**BBL मे कितनी मिलती है सैलरी ?**

**बिग बैश लीग** में खिलाड़ियों को उनकी कैटेगरी के अनुसार सैलरी दी जाती है। BBL ने खिलाड़ियों को चार कैटेगरी में बांटा है:

| **कैटेगरी** | **सैलरी (AUD मे)** | **भारतीय रुपये (लगभग)** |
|---|---|---|
| प्लेटिनम | 3.6-4.2 लाख | ₹2 करोड़ – ₹2.36 करोड़ |
| गोल्ड | 3 लाख | ₹1.68 करोड़ |
| सिल्वर | 2 लाख | ₹1.12 करोड़ |
| ब्रॉन्ज | 1 लाख | ₹56.10 लाख |

बाबर आज़म को **प्लेटिनम कैटेगरी** में रखा गया है, जबकि अन्य पाकिस्तानी खिलाड़ियों की **सैलरी कैटेगरी** जल्द घोषित की जाएगी।

**किन-किन टीमों मे होंगे पाकिस्तानी खिलाड़ी ?**
**बाबर आज़म – सिडनी सिक्सर्स**
**शाहीन अफरीदी – ब्रिसबेन हीट**
**मोहम्मद रिज़वान – मेलबर्न रेनेगेड्स**
**शादाब खान – सिडनी थंडर**
**हारिस रऊफ – मेलबर्न स्टार्स**
**हसन अली – एडिलेड स्ट्राइकर्स**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.